राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल

# सम्पर्क सरिता

वर्ष–19, अंक–01 जनवरी–मार्च 2018

## निटर निदेशक की छत्तीसगढ़ प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री से सौजन्य भेंट



तकनीकी शिक्षा मंत्री का स्वागत करते प्रो. थंगराज

छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल को उनके क्षेत्रीय कार्यालय खोलने हेतु 03 एकड़ अतिरिक्त भूमि प्रदान की गई, पूर्व मे भी छत्तीसगढ़ सरकार ने वहाँ के तकनीकी शिक्षको के प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं निटर की गतिविधियों के विस्तार हेतु 10 एकड़ भूमि आवंटित की थी। उपरोक्त विषय में यह उल्लेखनीय है कि 16 मार्च 2018 को संस्थान के निदेशक प्रो. सी. थंगराज द्वारा श्री प्रेम प्रकाश पांडे, मंत्री, तकनीकी शिक्षा एवं जनशक्ति नियोजन विभाग छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार से उनके भिलाई ऑफिस में सौजन्य मुलाकात कर उनके द्वारा संस्थान को दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्थान के संचालक मण्डल के सदस्य श्री विवेक आचार्य (आई. एफ.एस.) संचालक, तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़ प्रदेश, प्रो. शशिकांत गुप्ता, सदस्य निटर भोपाल एवं अधिष्ठाता प्रशासन प्रो. पीयूष वर्मा भी उपस्थित थे।

## इन्टर निटर कार्यशाला का आयोजन

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा ''तकनीकी शिक्षा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम'' की नीति के तहत एनआईटीटीटीआर,



कार्यशाला को संबोधित करते डॉ. सी. थंगराज

भोपाल में दिनांक 04–05 जनवरी 2018 को देश की चारों एनआईटीटीटीआर के वरिष्ठ संकाय सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्‌देश्य अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा तकनीकी शिक्षकों हेतु प्रस्तावित प्रमाणपत्र कार्यक्रम की संरचना को अंतिम स्वरूप प्रदान करना था। निटर भोपाल के निदेशक डॉ. सी. थंगराज ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी शिक्षकों हेतु महत्वपूर्ण होगा। कार्यशाला के समन्वयक प्रो. व्ही.एच. राधाकृष्णन ने इस प्रमाणपत्र कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में प्रस्तावित प्रमाणपत्र कार्यक्रम के परिणाम आधारित कार्यक्रम, कार्यक्रम की संरचना, पाठ्यक्रम परिणाम, पाठ्यक्रम निर्माण, कार्यक्रम के संचालन हेतु दिशा–निर्देश, शुल्क एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस कार्यशाला में प्रस्तावित प्रमाणपत्र कार्यक्रम हेतु एक संरचना तैयार की गई एवं भविष्य की कार्य योजना भी तैयार की गई। कार्यशाला में चारों निटर के 40 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। प्रो. सूसन मैथ्यू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## सिंगापुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निटर भोपाल की सहभागिता



5–9 मार्च, 2018 को डॉ. एस.एस. केदार एवं प्रो. चंचल मेहरा ने मिनिस्ट्री ऑफ फारेन अफेयर्स सिंगापुर– कोलम्बो प्लान स्टाफ कॉलेज मनीला द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन टेक्निकल वोकेशनल एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग (टी.वी.ई.टी.), सिंगापुर में भाग लिया। यह कार्यक्रम इंस्टीयूट ऑफ टेक्निकल एजूकेशन कॉलेज सेंट्रल एवं हेड क्वार्टर सिंगापुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 25 देशों से कुल 30 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आई.टी.ई. सेंट्रल कॅम्पस का भ्रमण भी कराया गया।

# ए.आई.सी.टी.ई कार्यशालाओं में निटर की सहभागिता

संस्थान का शिक्षण अधिगम केंद्र (टी.एल.सी.) भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास के लिए एन.आई.टी.टी.टी.आर., भोपाल में जनवरी 2018 में स्थापित किया गया है। ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा आयोजित एक दिवसीय चार कार्यशालाओं का आयोजन बैंगलोर में दिनांक 19 मार्च 2018, भुवनेश्वर में दिनांक 22 मार्च 2018, नई दिल्ली में दिनांक 21 मार्च 2018 तथा भोपाल में दिनांक 26 मार्च 2018 में एन. आई.टी.टी.टी.आर., भोपाल ने सहभागिता कर भविष्योन्मुखी योजनाओं में अपने प्रस्तावित योगदान पर सुझाव एवं प्रस्ताव प्रस्तुत किये। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने इन कार्यशालाओं के माध्यम से भारत वर्ष में कौशल विकास के क्षेत्र में माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा लागू कौशल योजनाओं जैसे – डिजीटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्कीलिंग इंडिया के सार्थक क्रियान्वयन के लिए बैचलर इन वोकेशनल एजूकेशन (बी. वॉक), डिप्लोमा इन वोकेशनल एजूकेशन (डी. वॉक) सर्टिफिकेट इन स्किल योजनाओं का क्रियान्वयन किया। इन एक दिवसीय कार्यशालाओं में एन.आई. टी.टी.टी.आर., भोपाल के शिक्षण अधिगम केंद्र (टी.एल.सी.) की सहभागिता से विभाग को व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में कार्य करने के नये अवसर मिले हैं।



कार्यशाला में भाग लेते प्रो. पीयूष वर्मा

# अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास विभाग द्वारा दिनांक 08 से 19 जनवरी तक इण्डियन टेक्निकल एण्ड इकॉनामिक कॉर्पोरेशन के



अंतर्गत "तकनीकी शिक्षा द्वारा महिलाओं का सशक्तिकरण" विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एन.आई.टी.टी. टी.आर, भोपाल में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 13 प्रतिभागियों ने अलग–अलग योजनाओं के अंतर्गत भाग लिया। टी. सी.एस. योजना के अंतर्गत बांग्लादेश से आए 2 प्रशिक्षणार्थी, स्केप योजना के अंतर्गत सेशेल्स से 1 प्रशिक्षणार्थी तथा इण्डियन टेक्निकल एण्ड इकॉनामिक कॉर्पोरेशन योजना के अंतर्गत अफगानिस्तान, ई.एल. सलवाडोर, इराक, ट्यूनिशिया, उजेबेकिस्तान, वियतनाम से आए 10 प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की बहुत सराहना की तथा अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेकर काफी लाभान्वित हुए। इण्डियन टेक्निकल एण्ड इकॉनामिक कॉर्पोरेशन कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. चंचल मेहरा हैं। इस कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. किरन सक्सेना थी तथा इस कार्यक्रम में डॉ. अंजना तिवारी, डॉ. अजीत दीक्षित, प्रो. अस्मिता खजांची एवं डॉ. ए. के. जैन ने संकाय सदस्यों के रूप में अपना योगदान दिया।

# सेना संस्थान के विद्यार्थियों का संस्थान में भ्रमण

सेना संस्थान पचमढ़ी म.प्र. के 40 विद्यार्थियों ने 05 फरवरी 2018 को संस्थान का भ्रमण किया। प्रो. बी.एल. गुप्ता, अधिष्ठाता, अकादमिक एवं अनुसंधान ने सभी विद्यार्थियों को संस्था के कार्यों, प्रशिक्षण



विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रो. बी.एल. गुप्ता

कैलेण्डर बनाने की प्रक्रिया, शोध प्रक्रिया, प्रशिक्षणार्थियों के चयन की विधियां, प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन एवं प्रमाण पत्र प्रदान करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। प्रो. गुप्ता ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को परिणाम आधारित प्रक्रिया से इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम तैयार करने की विधि, इसके क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन के बारे में भी बताया। संस्था की सलाहकारी एवं सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की विधि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं विद्यार्थियों के कई प्रश्नों का उत्तर भी दिया। प्रो. अस्मिता खजांची ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग स्थित वीडियो स्टूडियो के संसाधनों एवं उनके उपयोग से संबंधित जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों ने मल्टी केमरा रिकार्डिंग का प्रत्यक्ष अनुभव लिया। श्री राजीव गोहिल, प्रोडक्शन मैनेजर द्वारा संसाधनों के विविध प्रकार एवं फील्ड रिकार्डिंग से संबंधित जानकारी दी गई। मीडिया संसाधनों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग को जानकर विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे।

# खेल कूद प्रतियोगिता 'पराक्रम' – 2018 सम्पन्न

संस्थान के स्नातकोत्तर कार्यक्रम के छात्रों द्वारा आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता 'पराक्रम' – 2018 दिनांक 13 मार्च 2018 से 15 मार्च 2018 तक संस्थान परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम का




खिलाड़ियों को संबोधित करते प्रो. सी. थंगराज

शुभारंभ दिनांक 13 मार्च 2018 को किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. सी. थंगराज ने जीत का बुलंद हौसला लिए हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं दीं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पार्थ सारथी बासु, उप महाप्रबन्धक आइशर ट्रेक्टर, मंडीदीप भोपाल



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते श्री पार्थ सारथी बासु

थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में खेल भावना से कार्य करना चाहिए। अधिष्ठाता प्रशासन डॉ. पीयुष वर्मा ने इस अवसर पर खिलाडियों को संबोधित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। खेल कूद प्रतियोगिताओं की रूपरेखा के बारे में सह–अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ वंदना सोमकुंवर ने प्रकाश डाला। संस्थान के सभी विद्यार्थियों ने अपने–अपने विभाग के झंडे लहराते हुए अतिथियों को सलामी दी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा गुब्बारों को हवा में उड़ाने के साथ शांति का परिचय देने वाले कबूतरों को आसमान में उड़ाकर खेल कूद प्रतियोगिता आरंभ की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शोभा लेखवानी द्वारा किया गया। इस खेल कूद प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीवाल, कैरम, बैडमेंटन, शतरंज, टेबल टेनिस एवं 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। खेल कूद प्रतियोगता की समन्वयक डॉ. वंदना सोमकुंवर, सह–अधिष्ठाता, छात्र कल्याण थीं। खेल कूद प्रतियोगिता 'पराक्रम' – 2018 का सफल आयोजन डॉ. अंजू रावले, अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्ग दर्शन में किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित करने में श्री. सी.के. चव्हाण, श्री राजेश दीक्षित, श्री संजय डोंगरे एवं श्री महेन्द्र सिंह राजपूत ने अपना सहयोग प्रदान किया।



# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

22 मार्च, 2018 को संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 79वीं तिमाही बैठक संपन्न हुई। बैठक में 19 सदस्यों ने भाग लिया व



बैठक को संबोधित करते प्रो. सी. थंगराज

पिछले तीन महीनो में अपने विभागो में संपन्न राजभाषा गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। पिछली बैठकों में सदस्यो द्वारा प्राप्त सुझाव के अनुसार उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग का चयन कर उसे ''चल शील्ड'' प्रदान करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया था। इस निर्णय के अनुसार उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग का चयन करने हेतु एक समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा विभागों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर संस्थान के ''अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग'' को 2017 में राजभाषा हिन्दी में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाला विभाग घोषित कर, उन्हें ''चल–शील्ड'' प्रदान किये जाने का निर्णय एवं अन्य विभागों/अनुभागों जिनसे प्रतिभागिता हेतु प्रतिष्टियां प्राप्त हुई थीं, उन सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सभी विभागों में, राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य कर इसे पाने की स्वस्थ स्पर्धा बनी रहे, इस उद्देश्य से यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जावेगी।

वर्ष 2018–19 में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वाधान में आयोजित की जाने वाली हिन्दी कार्यशालाओ के केलेंडर का विमोचन समिति के अध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. सी. थंगराज द्वारा किया गया।



# प्रो. जी.एस. चन्द्रन के साथ संकाय सदस्यों की परिचर्चा

07 फरवरी 2018 को संस्थान के सेवानिवृत्त प्रो. जी.एस. चन्द्रन ने संस्थान के प्राध्यापकों के साथ चर्चा की। प्रो. व्ही.एच. राधाकृष्णन ने प्रो. चन्द्रन का स्वागत किया। उसके बाद उपस्थित सभी प्राध्यापकों ने अपना परिचय दिया। उन्होंने संस्थान द्वारा पूर्ण की गई पुरानी



प्रो. चन्द्रन के साथ निटर संकाय सदस्य

परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। प्रो. चन्द्रन ने वर्ल्ड बैंक परियोजना के बारे में संक्षिप्त रूप में बतलाया। प्रो. चन्द्रन ने व्यवसायिक शिक्षा की कार्यान्वयन नीति के बारे में बताया। प्रो. चन्द्रन ने पेसिव, भोपाल को स्थापित करने की कहानी भी सुनाई। उन्होनें वर्ल्ड बैंक टीम मेम्बर में व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा मूल्यांकन टीम का कार्य भी किया है। प्रो. चन्द्रन ने एम.टेक.एड प्रोग्राम एवं यूनिवर्सिटी ऑफ इलियास के प्रशिक्षण के बारे में बताया। प्रो. चन्द्रन ने एन.पी.आई.यू. एवं क्रिस्प के अनुभवों को भी साझा किया। इस परिचर्चा का समन्वयन प्रो. व्ही.एच. राधाकृष्णन ने किया। प्रो. राधाकृष्णन ने प्रो. चन्द्रन, प्रो. थंगराज एवं सभी संकाय सदस्यों को इस परिचर्चा में भाग लेने हेतु धन्यवाद दिया।

08 फरवरी 2018 को प्रो. चन्द्रन के साथ प्रो. डी.एस. करौलिया ने एक वीडियो वार्ता में प्रो. चन्द्रन से संस्थान की स्थापना, पश्चिम क्षेत्रीय संस्थान के नाम से हुई थी, से प्रारम्भ कर आगे की विकास यात्रा के बारे में चर्चा की। अपनी आधे घन्टे की वार्ता में प्रो. चन्द्रन ने शुरू से लेकर उनके सेवानिवृत्ति काल तक की विभिन्न परियोजनाओं, विदेशी संस्थाओं के साथ साझा किये गये कार्यक्रमों पर विस्तृत प्रकाश डाला। वार्ता के समापन पर प्रो. चन्द्रन ने संस्थान द्वारा देशी तकनीकी शिक्षा पद्धति के गुणात्मक विकास को केन्द्र में रखकर सभी कार्यक्रमों एवं परियोजनाओं को किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। वार्ता के अन्त में प्रो. करौलिया ने प्रो. चन्द्रन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बायोफ्यूल एवं ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों पर प्रशिक्षण

संस्थान के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा 19–23 फरवरी 2018 तक ''बायोफ्यूल एवं ऊर्जा के वैकल्पिक साधनो का उद्योगो मे प्रयोग'' विषय



पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को बायो ईधन, बायोमास, बायो डीजल, हाइड्रोजन फ्यूल, नाभिकीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा, हरित प्रोद्यौगिकी एवं पर्यावणीय प्रदूषण के उपाय आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को ब्लासम बायोटेक प्रयोगशाला में बायोडीजल निर्माण की प्रक्रिया पर प्रो. तसनीम अहमद ने व्याख्यान दिया एवं इनका प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया गया। इस कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग संस्थान के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. पी.के. पुरोहित थे। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. बशीरूल्ला शेख एवं डॉ. हुसैन जीवाखान ने सहयोग प्रदान किया।

# विभिन्न प्रयोग के लिये सिम्यूलेशन टूल्स पर प्रशिक्षण

संस्थान के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा भोपाल में दिनांक 12 से 16 मार्च 2018 तक ''विज्ञान प्रयोग के लिये सिम्यूलेशन टूल्स'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गुजरात, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विज्ञान प्रयोगों में उपयोग होने वाले ओपन सोर्स टूल्स एवं वर्चुअल लेब पर प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रयोगों का स्वरूप तैयार किया गया जो पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों हेतु अति उपयोगी है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. बशीरूल्ला शेख थे एवं संकाय सदस्य के रूप में डॉ. हुसैन जीवा खान ने अपना योगदान दिया।



# पाठ्यक्रमों के विवरण सामग्री पर प्रशिक्षण , सह–कार्यशाला का आयोजन

स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के करिकुलम पुर्नरचना करने हेतु दिनांक 29 जनवरी से 02 फरवरी 2018 तक ''पाठ्यक्रमों का विवरण सामग्री'' (सेमेस्टर–2) पर एक प्रशिक्षण सह–कार्यशाला का आयोजन बी.आई.टी. दुर्ग, छत्तीसगढ़ में किया गया। इस कार्यशाला में 15 डिप्लोमा पाठ्यक्रम के सेमेस्टर–2 के 64 पाठ्यक्रम परिणाम आधारित करिकुलम तैयार किये गये। कार्यशाला में 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया। परियोजना समन्वयक डॉ. अंजू रौले, समन्वयक डॉ. पीयूष वर्मा सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के 19 संकाय सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

## इण्डक्शन कार्यक्रम की रूपरेखा पर एनआईटीटीटीआर, चैन्नई में बैठक

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित संकाय सदस्यों के इण्डक्शन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु चारों एनआईटीटीटीआर की दूसरी कार्यशाला का आयोजन 17–18 जनवरी 2018 को एनआईटीटीटीआर, चैन्नई में किया गया। इस कार्यशाला में प्रस्तावित इण्डक्शन कार्यक्रम को अन्तिम रूप दिया गया। इस कार्यशाला में स्वयं साइट हेतु मूक कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। इन कार्यक्रमों को 01 जुलाई 2018 से क्रियान्वित करने हेतु कार्य योजना भी तैयार की गई। इस कार्यशाला में संस्थान से निदेशक डॉ. सी. थंगराज, डॉ. व्ही. एच. राधाकृष्णन, डॉ. जोशुआ अर्नेस्ट, डॉ. बी.एल. गुप्ता एवं डॉ. संजय अग्रवाल ने भाग लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का संस्थान में भ्रमण

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल में दिनांक 21 मार्च 2018 को राष्ट्रीय शैक्षणिक योजना एवं प्रशासन (NIEPA) संस्थान के द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक योजना एवं प्रशासन (IDEPA) विषय में डिप्लोमा कर रहें 27 अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के दल ने संस्थान में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का आयोजन राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. के माध्यम से किया गया था। इस दल ने संस्थान के निदेशक प्रो. सी थंगराज से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस भ्रमण में प्रो. सूसन मैथ्यू एवं प्रो. प्रभाकर सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग का भी भ्रमण किया। श्री राजीव गोहिल, प्रोडक्शन मैनेजर द्वारा संसाधनों के विविध प्रकार एवं फील्ड रिकार्डिंग से संबंधित जानकारी दी गई। मीडिया संसाधनों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपयोग को जानकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपनी जिज्ञासाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे।



दल को संबोधित करते प्रो. सी. थंगराज

## साईलेब और ओरडिनो पर प्रशिक्षण

संस्थान के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा भोपाल में 01 से 05 जनवरी 2018 तक ''साईलेब और ओरडिनो'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साईलेब सिम्यूलेशन सॉफ्टवेयर और इसके टूलबॉक्स का उपयोग, डाटा अधिग्रहण आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग संस्थान के 17 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. संजीत कुमार थे। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. हुसैन जीवाखान ने सहयोग प्रदान किया।



## मेटलेब साफ्टवेयर पर प्रशिक्षण

संस्थान के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा 05 से 09 मार्च 2018 तक ''मेटलब साफ्टवेयर'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेटलेब फन्डामेन्टल, मेटलेब इनवॉयरमेन्ट एण्ड कमांड विंडो, वेक्टर एण्ड बेसिक्स ऑफ मेटलेब प्रोग्रामिंग, स्ट्रक्चर स्क्रिप्ट फाईल्स, प्रोग्राम्स, डेबिंग रिलेशनल एण्ड लॉजिकल ऑपरेशन्स प्रोग्राम्स, क्रियटिंग प्रोग्राम यूजिंग एम फाईल्स, लूप्स, ब्रांचेस एण्ड कंट्रोल फ्लो, इन्ट्रोडक्शन टू सिम्यूलिंक, एप्लीकेशन ऑफ मेटलब एण्ड सिम्यूलिंक टूल बॉक्स आदि विषयों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. सूसन एस. मैथ्यू थी। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. अंजली पोटनीस ने अपना योगदान दिया।



## आई.सी.टी. मेला–2018 में संस्थान की सहभागिता

22वें अखिल भारतीय बाल शैक्षिक श्रव्य–दृश्य महोत्सव एवं आई.सी.टी.मेला–2018 का आयोजन दिनांक 21 से 23 फरवरी 2018 को क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामलाहिल्स, भोपाल में आयोजित किया गया। इस मेले में निटर भोपाल ने सहभागिता की एवं संस्थान के इलेक्ट्रानिक मीडिया विभाग द्वारा निर्मित शैक्षणिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। संस्थान द्वारा लगाये गये स्टाल में मीडिया विभाग द्वारा निर्मित डी.व्ही.डी. रखी गई। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा एवं एन.सी.आर.टी. के निदेशक प्रो. श्रृषिकेश सेनापति ने संस्थान द्वारा बनाये गये वीडियो कार्यक्रम की सराहना की।



# देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम संपन्न



संस्थान के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी 2018 को ''देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम'' का आयोजन संस्थान के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। मुख्य रूप से संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा कई देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही संस्थान के संकायगण एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भी देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य/अधिकारीगण/ कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अंजू रौले, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण ने की एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो. एम. सी.पालीवाल ने किया

# व्यावसायिक प्रशिक्षकों के लिये प्रशिक्षण

दिनांक 08 से 12 जनवरी 2018 तक ''सीडीटीपी योजना के अंतर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षकों के लिये प्रशिक्षण'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ एवं गोवा के पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कम्यूनिटी पॉलिटेक्निक परियोजना के अंतर्गत कार्यरत प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करना था, जिससे कि वो अपने कार्य को अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 24 प्रशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान में एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन भी किया गया जहाँ पर विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया गया एवं इनकी उपयोगिता एवं तकनीकी संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। प्रो.पी.पी.अंबालकर, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर डिवीजन, सीआईएई, भोपाल द्वारा भी कार्यक्रम के दौरान व्याख्यान दिया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अजय कुमार जैन थे तथा संकाय सदस्य प्रो.एम सी पालीवाल ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन के दौरान प्रभारी निदेशक डॉ जोशुआ अर्नेस्ट, ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया।



# राजभाषा सम्मेलन मुम्बई में आयोजित



12 जनवरी 2018 को राजभाषा विभाग गृह–मंत्रालय द्वारा पश्चिम तथा मध्य क्षेत्रों का राजभाषा सम्मेलन चेम्बूर, मुम्बई में आयेजित किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम श्री सी. विद्यासागर राव उपस्थित हुये। सम्मेलन में संस्थान के निदेशक एवं नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति के अध्यक्ष डॉ. सी. थंगराज एवं सदस्य सचिव श्रीमती शोभा लेखवानी ने भाग लिया। सम्मेलन में पश्चिम तथा मध्य क्षेत्र के नगर राजभाषा कार्यान्वियन समितियों के अध्यक्षों एवं राजभाषा अधिकारियों ने भाग लिया।

# संस्थान में राजभाषा से संबंधित कार्यशाला आयोजित

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में जनवरी से मार्च माह में सामन्य वित्तीय एवं आयकर संबंधी नियम, कम्प्यूटर में राजभाषा एवं यूनीकोड का प्रयोग, आचरण एवं आवश्यक नियमों की जानकारी एवं रचनात्मक लेखन विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई। इन कार्यशालाओं में संस्थान एवं नराकास सदस्य कार्यालयों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# नये साल के उपलक्ष्य में निदेशक महोदय का उदबोधन



01 जनवरी 2018 को संस्थान में नये साल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ. सी. थंगराज ने अपने उदबोधन में आने वाले सालों में होने वाली गतिविधियों से अवगत् कराया एवं संस्थान के समस्त अधिष्ठाताओं ने अपने–अपने विचारों को रखा।

## संचालक मण्डल की बैठक संपन्न

संचालक मण्डल की 139वीं बैठक का आयोजन विस्तार केंद्र रायपुर में किया गया।

## नेत्र शिविर का आयोजन

04 जनवरी 2018 को संस्थान के चिकित्सालय में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रकाश नेत्रालय के चिकित्सकों के द्वारा संस्थान के संकायगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण और परिसर में रहने वाले परिवारों के सदस्यों ने भी नेत्र शिविर में आकर अपने नेत्रों की जॉच कराई और उचित मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## बधाई

संस्थान के तीन सदस्य श्री आर. के. शुक्ला को सह. छायाकार से छायाकार और श्री एस.टी. कालगुडे एवं श्री संजीव कौशल को उच्च श्रेणी लिपिक से वरिष्ठ भंडार सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया।

## विदाई

संस्थान में कार्यरत् वरिष्ठ कर्मचारी श्री आर. के. शुक्ला (छायाकार), श्री ओम प्रकाश यादव (इलेक्ट्रिशियन), श्री राम मनोरथ यादव (जीरॉक्स ऑपरेटर) को उनकी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31 जनवरी 2018 को एवं दिनांक 28 मार्च 2018 को श्री दिवाकर दुधाने (प्रयोगशाला परिचायक) के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन हेतु शुभकामनाएँ।

## एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा जनवरी से मार्च 2018 में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम

| No. | Title of the Programme | Duration | Venue |
|---|---|---|---|
| 1 | Scilab and Aurdino | 01-05 Jan 18 | Bhopal |
| 2 | Design & & Development of Lab Instruction & Question Paper (For – III – Semester of Group – A Programmes For MSBTE Identified Teachers) | 01-05 Jan 18 | Pune |
| 3 | Induction Phase- II | 01-12 Jan 18 | Bhopal (Open online) |
| 4 | Induction Phase-I | 01-12 Jan 18 | Raipur (For CG) |
| 5 | Empowering Women through Technical Education (TCS**) | 08-12 Jan 18 | Bhopal |
| 6 | Developing Innovative outcome based Experiments in Civil Engineering with Continuous improvement | 08-12 Jan 18 | Bhopal |
| 7 | Induction Programme For Vocational Instructors Under CDTP Scheme | 08-12 Jan 18 | Bhopal |
| 8 | Advance Java Programming (Spring MVC, Hibernate, JSF) | 08-12 Jan 18 | Ahmedabad |
| 9 | Research Method & Academic Writing | 08-12 Jan 18 | Ahmedabad |
| 10 | Training cum workshop for curriculum implementation & Assessment | 08-12 Jan 18 | 41Raipur |
| 11 | Tendering & Contract Management | 15-17 Jan 18 | 42Goa |
| 12 | Design & & Development of Lab Instruction & Question Paper (For – III – Semester Courses Of Group – B Programmes For MSBTE Identified Teachers) | 15-19 Jan 18 | Pune |
| 13 | Induction Phase- II | 15-26 Jan 18 | Bhopal (For Guj) |
| 14 | Induction Phase –I | 15-26 Jan 18 | Ahmedabad (For Guj) |
| 15 | Marketing of Educational Services | 22-26 Jan 18 | Bhopal |
| 16 | Results Analysis Method for Inference | 22-26 Jan 18 | 43Goa |
| 17 | Library Management | 29 Jan-02 Feb 18 | Bhopal |
| 18 | Design & & Development of Lab Instruction & Question Paper (For – III – Semester Courses of Group – C Programmes For MSBTE Identified Teachers) | 29 Jan-02 Feb 18 | Pune |
| 19 | Training cum workshop on Content detailing of semester – II courses of all programmes of CRP, CSVTU Bhillai. | 29 Jan-02 Feb 18 | BIT Durg |
| 20 | Induction Phase- I | 29 Jan-09 Feb 18 | Bhopal (For Guj) |
| 21 | Repair and Maintenance of Laboratory and Workshop Equipment | 05-09 Feb 18 | Bhopal |
| 22 | Enhancing Employability Skills | 05-09 Feb 18 | Pune |
| 23 | Structural Design Using STRUDS | 05-09 Feb 18 | |
| 24 | Open Edx for Massive Open Oline course (MOOCs) | 12-16 Feb 18 | Bhopal |
| 25 | Wireless and Mobile Communication | 12-16 Feb 18 | Bhopal |
| 26 | Editing & Validation of Lab Instruction & Question Paper (For – III – Semester Courses of Group – A Programmes For MSBTE Identified Teachers) | 12-16 Feb 18 | Pune |
| 27 | Induction Phase- II | 12-23 Feb 18 | Bhopal (Open online) |
| 28 | Induction Phase –I | 12-23 Feb 18 | Ahmedabad (For Guj) |
| 29 | E-Content Development for Technical Education | 12-23 Feb 18 | Bhopal |
| 30 | Bio-fuels and alternative sources for industrial application | 19-23 Feb 18 | Bhopal |
| 31 | Sustainable Development Practices for Institutions | 19-23 Feb 18 | Bhopal |
| 32 | Project Planning and Financial Management | 26 Feb-02 March 18 | Bhopal |
| 33 | Innovative Approaches To Laboratory & Workshop Based Learning And Capstone Projects | 26 Feb-02 March 18 | Bhopal |
| 34 | Industrial Automation | 26 Feb- 02 March 18 | Bhopal |
| 35 | Induction Phase- I | 26 Feb-09 March 18 | Bhopal (Open online) |
| 36 | Special Methods of Teaching Pharmacy Regulatory Aspects | 05-09 March 18 | Bhopal |
| 37 | Big data and Hadoop | 05-09 March 18 | Bhopal |
| 38 | Wind & Solar power | 05-09 March 18 | Bhopal |
| 39 | Open Source/Simulation Tools for Science Experiments | 12-16 March 18 | Bhopal |
| 40 | Android Application development | 12-16 March 18 | Bhopal |
| 41 | Editing & Validation of Lab Instruction & Question Paper (For – III – Semester of Group – B Programmes For MSBTE Identified Teachers) | 12-16 March 18 | Pune |
| 42 | Induction Phase- II | 12-23 March 18 | Bhopal (Open online) |
| 43 | Induction Phase –I | 12-23 March 18 | Ahmedabad (For Guj) |
| 44 | Workshop To Prepare Course Material | 19-23 March 18 | Goa |
| 45 | Developing industry institute Partnership for Academic Excellence. | 26-30 March 18 | Bhopal |
| 46 | Chromatographic Methods | 26-30 March 18 | Bhopal |
| 47 | Advanced Auto CAD For Civil Engineering Application | 26 -30 March 18 | Bhopal |
| 48 | Editing & Validation of Lab Instruction & Question Paper (For – III – Semester of Group – C Programmes For MSBTE Identified Teachers) | 26-30 March 18 | Pune |

# एनआईटीटीटीआर भोपाल में आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ













राजभाषा हिन्दी पर आयोजित कार्यक्रम






संस्थान के अधिकारियों एव कर्मचारियों का विदाई समारोह





अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम





गोवा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

संरक्षक : प्रो. सी. थंगराज, निदेशक, संपादक : प्रो. पी. के. पुरोहित, सह–संपादक : श्रीमती शोभा लेखवानी, सहयोग : श्रीमती अनिता लाला, टंकण : श्री सुधीर त्रिपाठी, छायांकन : श्री रितेन्द्र पवार

आन्तरिक वितरण हेतु राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल द्वारा प्रकाशित एवं भंडारी ऑफसेट प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित